अनुक्रमांक ....................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम ................................................ पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# तृतीय सेमेस्टर – 2016
## (विज्ञान)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** निम्नलिखित में एसीटिलीन का रासायनिक सूत्र है- **(1)**

(A) CH 4 (B) C 2 H 6

(C) C 2 H 4 (D) C 2 H 2

**2.** जब वस्तु अवतल दर्पण की मुख्य फोकस एवं वक्रता केन्द के मध्य रखी है तो प्रतिबिम्ब बनेगा- **(1)**

(A) उल्टा, वास्तविक तथा वस्तु से बड़ा (B) सीधा, वास्तविक एवं वस्तु से छोटा

(C) उल्टा, वास्तविक तथा वस्तु से छोटा (D) सीधा, वास्तविक तथा वस्तु से बड़ा।

**3.** हरित लवक रहित पौधों का समूह है- **(1)**

(A) शैवाल (B) कवक

(C) अनावृत बीजी (D) उपर्युक्त सभी

**4.** किसी वस्तु द्वारा प्रति सेकेण्ड किए गए कम्पनों की संख्या को कहते हैं- **(1)**

(A) आवर्तकाल (B) आयाग

(C) आवृत्ति (D) इनमें से कोई नहीं

**5.** वायु दाब आरोपित करती है- **(1)**

(A) केवल ऊपर की दिशा में (B) केवल नीचे की दिशा में

(C) चारो दिशाओं में (D) किसी दिशा में नहीं

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** यांत्रिक ऊर्जा किसे कहते हैं? सूत्र लिखिए। **(1)**

**7.** प्रतिध्वनि सुनाई देने के लिए ध्वनि, उत्पादक और परावर्तक तल के बीच की न्यूनतम दूरी कितनी होनी चाहिए? **(1)**

**8.** शिराएँ क्या है? इनका मुख्य कार्य क्या है? **(1)**

**9.** प्रतिवर्ती क्रिया का कोई दो उदाहरण लिखिए। **(1)**

**10.** नवीकरणीय ऊर्जा किसे कहते है? लिखिए। **(1)**

**11.** रासायनिक परिवर्तन किसे कहते है? लिखिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** पर्यावरण संरक्षण से क्या अभिप्राय हैं? अपने स्तर से आप पर्यावरण को कैसे संरक्षित करेंगे? **(2)**

**13.** स्टरलाइजेशन विधि से खाद्य पदार्थो को सूक्ष्म जीवों से कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है? संक्षेप में लिखिए। **(2)**

**14.** अभिसारी एवं अपसारी लेंस में क्या अन्तर है? संचित्र संक्षेप में समझाइए। **(2)**

**15.** धातुओं के संक्षारण हेतु अपनाई जाने वाली विभिन्न विधियों को संक्षेप में बताइए। **(2)**

**16.** अनुकूलन किसे कहते हैं। मरूस्थलीय अनुकूलन को संक्षेप सहित समझाइए। **(2)**

**17.** कार्बनिक रसायन का क्या अभिप्राय है कार्बनिक यौगिकों में श्रृंखलन की विशेषता को उदाहरण सहित कीजिए। **(2)**

**18.** एक प्रारूपिक पुष्प का चित्र बनाकर लेबिल कीजिये। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-3/vigyan/2016

2. विज्ञान का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-3/vigyan/

3. विज्ञान के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-3/vigyan/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN